# 15 लाख का अवैध डोडा-चूरा बरामद, आरोपी गिरफ्तार

## मकान की तलाशी लेने पर प्लास्टिक के पांच कट्टों में 99 किलो डोडा-चूरा भरा मिला

**सरवाड़, (निसं)।** सरवाड़ निकटवर्ती सराना थाना पुलिस एवं जिला स्पेशल टीम ने मकान में छिपाकर रखी नशे की बड़ी खेप बरामद की है। वहीं पुलिस ने इस संबंध में एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामचन्द्र सिंह व पुलिस उप अधीक्षक हर्षित शर्मा के सुपरविजन में इन दिनों अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मुखबिर से मिली सूचना पर सराना थानाधिकारी विजय मीणा ने बताया कि गश्त के दौरान पुलिस टीम सराना से चान्दमा होते हुए जोतायां के राजकीय जिला चिकित्सालय के बाहर पहुंची जहां जिला स्पेशल टीम के प्रभारी हैड कांस्टेबल राजेश कुमार मीणा मय डीएसटी टीम मौजूद मिले। डीएसटी टीम ने सराना थाना प्रभारी को बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर जोतायां निवासी गोपी खटीक पुत्र लादू खटीक के रिहायशी घर की तत्काल तलाशी ली जाए तो वहां भारी मात्रा में अवैध डोडा चूरा मिल सकता है।



पुलिस ने अवैध डोडा-चूरा सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

डोडा चूरा इत्तला विश्वसनीय होने पर डीएसटी टीम एवं सराना पुलिस गोपी खटीक के घर पहुंची जहां गोपी घर के बाहर खड़ा मिल गया। मकान की तलाशी लेने पर एक कमरे में प्लास्टिक के पांच कट्टों में अवैध डोडा-चूरा भरा मिला। जिसका कुल

- लाइसेंस आदि के बारे में पूछा तो आरोपी ने अनभिज्ञता जताई

वजन 99 किलो 500 ग्राम था। लाइसेंस आदि के बारे में पूछा तो गोपी ने अनभिज्ञता जताई। पुलिस ने अवैध डोडा-चूरा बरामद कर आरोपी गोपी खटीक (70) पुत्र लादू खटीक निवासी जोतायां थाना सराना गिरफ्तार कर लिया आरोपी से पूछताछ जारी पुलिस आरोपी से पूछताछ कर डोडा बेचने वाले व्यक्ति के बारे में जानकारी जुटा रही है पुलिस सूत्रों के अनुसार बरामद डोडा चूरा की अन्तरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 15 लाख रुपए बताई जा रही है कार्रवाई करने वाली टीम में सराना थानाधिकारी विजय मीणा कांस्टेबल रणजोध, शिवप्रकाश संजय व महेन्द्र जिला स्पेशल टीम के इंचार्ज हैड कांस्टेबल राजेश मीणा, डीएसटी के कांस्टेबल रामराज सामरिया, राजकिरण सिंह, नवल सिंह व महेन्द्र एवं साइबर सेल के कांस्टेबल गजराज शामिल रहे।

# आंगनबाड़ी सहायिका से छेड़छाड़ के आरोपी गिरफ्तार

## घटना से आहत होकर पीड़िता ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी



पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** हिण्डौन के नई मंडी थाना क्षेत्र में आंगनबाड़ी सहायिका से की गई छेड़छाड़ और मारपीट और उसके बाद युवती द्वारा आत्महत्या करने के मामले के मामले में फरार चल रहे दस-दस हजार के दो इनामी बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय द्वारा 3 आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर दस-दस हजार का इनाम घोषित किया गया था।

- दस-दस हजार के दो इनामी बदमाशों से पुलिस पूछताछ कर रही है

हिंडौन नई मंडी थाना प्रभारी रामकिशन यादव ने बताया कि थाना क्षेत्र की एक बस्ती निवासी युवती जो आंगनबाड़ी केंद्र पर सहायिका के पद पर कार्यरत थी के साथ 15 मई को सुबह करीब 9 बजे विक्रम सिंह, विनोद, सोनू उर्फ सोहन और हेमेन्द्र द्वारा छेड़छाड़ व मारपीट की घटना की गई। युवती ने मामले की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई तो आरोपियों ने युवती के साथ फिर से मारपीट की और धमकी देकर मोबाइल भी छीन लिया।

जिसके बाद शाम को घटना से आहत होकर पीड़िता ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। मामले में मृतका के पिता द्वारा नई मंडी थाने में 4 जनों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कराया। इसके बाद पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी विक्रम सिंह, सोनू को मानसरोवर जयपुर से गिरफ्तार किया गया। वहीं आरोपी हेमेन्द्र को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका हैं।

## सिलेंडर भभकने से होटल में आग

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के बीचों-बीच रेलवे स्टेशन के निकट स्थित एक होटल पर गैस सिलेंडर के भभक जाने के बाद लगी आग से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार शहर के प्रमुख चौराहे रेलवे स्टेशन के सामने सीरत सराय की दुकानों में संचालित हो रही होटल पर अचानक गैस सिलेंडर भभक जाने के बाद आग लग गई। आग से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड और कोतवाली थाना पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## बदमाश नगदी चुराकर फरार

**मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)।** मदनगंज थाना अंतर्गत महावीर कॉलोनी के पास दिनदहाड़े नकाबपोश बदमाश दुकान के गल्ले से करीब डेढ़ लाख की नगदी चुराकर फरार हो गये। एस के एल्युमिनियम नामक दुकान का मालिक कैलाश जांगिड़ गोदाम में गया हुआ था, पिछे से चोर पलभर में गले से डेढ़ लाख की नगदी चुराकर चम्पत हो गये। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बाइक सवार बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

# बच्ची के साथ मारपीट को लेकर बलाई समाज में आक्रोश

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के बागोर थाने में बागोर निवासी बलाई समाज की बच्ची के साथ रामदेव मंदिर के पास नाली निर्माण को लेकर पड़ौस के अभियुक्तों द्वारा जानलेवा हमला कर गंभीर मारपीट करने, जातिसूचक अपमानित करने एवं जान माल की रक्षा को लेकर दर्ज एफआईआर में अभियुक्तों को गिरफ्तार करने की मांग की। बलाई समाज के लोगों ने जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कार्यवाही की मांग की।

मुखर्जी उद्यान में बलाई समाज सहित दलित संगठनों के प्रतिनिधियों ने एक स्वर में आगाह किया कि जिले में बलाई समाज सहित दलित वर्गों पर अत्याचार बढ़े हैं। प्रत्येक थाने में मुकदमे दर्ज होने के बाद भी अभियुक्त गिरफ्त से दूर है। समाज के वक्ताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि समाज को कमजोर न समझें कोई भी अपराधी किसी भी जाति एवं किसी भी दल से जुड़ा हो वह अपराधी होता है और उन्हें कानून सम्मत सजा मिलनी चाहिए। सरकार एवं प्रशासन को चाहिए कि बागोर थाने में



समाज के लोगों ने एसपी व कलेक्टर को ज्ञापन दिया।

दर्ज मुकदमे के साथ ही जिले में गंभीर अपराधों से जुडे एससी/एक्ट एवं अन्य प्रकरणों में दलित वर्ग की जातियों के साथ सौतेला व्यवहार नहीं कर अभियुक्तों को तुरन्त गिरफ्तार किया जावे। साथ ही जिला प्रशासन से अभियुक्तों के 7 दिन में गिरफ्तार नहीं करने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी।

धरने को सामाजिक कार्यकर्ता दयाराम दिव्य, भंवरलाल बलाई, एडवोकेट गोपाल सालवी, उदयलाल सालवी, एडवोकेट राजमल मेघवंशी, छोटूलाल बलाई, बलाई समाज नवयुवक मंडल के पदाधिकारी नारायण लाल बलाई, शंकरलाल मेघंवशी, कैलाश सालवीं, रामदेव बलाई महुआखुर्द सहित संविधान बचाओ संघर्ष समिति के मोतीलाल सिंधानिया, भीम आर्मी के

- लोगों ने प्रदर्शन कर अभियुक्तों को गिरफ्तार करने की मांग की
- नाली निर्माण को लेकर पड़ौस के लोगों द्वारा जानलेवा हमला कर मारपीट का मामला

जिलाध्यक्ष शंकर मेघवंशी मेघऋषि सेवा संस्थान के प्रकाश मेघवंशी, राधेश्याम भैरूलाल सालवी सहित समाज के प्रतिनिधि पूर्व पंचायत समिति सदस्य हुरडा उगमलाल मेहरडा, शोभालाल सालवी, रमेशचन्द्र आमा, बलाई समाज नवयुवक मंडल के पदाधिकारी गोविन्द बलाई, बागोर से बड़ी संख्या में समाज के चुन्नीलाल, शंकरलाल, रतनलाल, सुखदेव, लेहरू, सहित कई पंच पदाधिकारियो एवं वक्ताओं ने अभियुक्तों के गिरफ्तार नहीं करने पर जिला कलेक्ट्रेट पर धरने की चेतावनी दी।

# जॉली एलएलबी-3 के खिलाफ दायर वाद के विरुद्ध आपत्ति प्रार्थना पत्र खारिज

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर के सिविल न्यायाधीश उत्तर अजमेर यश विशनोई ने जॉली एलएलबी-3 के खिलाफ जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं की ओर से दायर वाद के विरुद्ध दायर आपत्ति प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया है। अब अदालत इस मामले में 5 जुलाई को सुनवाई करेगी।

उल्लेखनीय है कि इस मामले में अजमेर मंडल रेल कार्यालय के अधिवक्ता बसंत विजयवर्गीय व अभिनेता अक्षय कुमार, अरशद वारसी, सुभाष कपूर के अधिवक्ता माधव मित्र शर्मा ने न्यायालय में वाद को खारिज करने का प्रार्थना पत्र पेश किया, जिस पर वादी के अधिवक्ता राजीव भारद्वाज बगरु, प्रशान्त यादव, संजय गुर्जर ने जवाब पेश किया व वाद के पक्ष में उपरोक्त दोनों प्रार्थना पत्रों को खारिज करने की पैरवी की गई जिस पर आज न्यायाधीश यश विश्नोई ने दोनों प्रार्थना पत्रों को खारिज कर वादी के पक्ष में आदेश पारित किया जिसमें आगामी सुनवाई 5 जुलाई तय की गई है।

ज्ञातव्य है कि अजमेर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रभान सिंह राठौड़ के द्वारा अधिवक्ता राजीव भारद्वाज बगरु, प्रशांत यादव,संजय गुर्जर, गुलाब सिंह,राजेश यादव सहित 101 अधिवक्ताओं ने फ़िल्म जॉली एल एल बी -3 को लेकर वाद सिविल न्यायाधीश उत्तर अजमेर यश विश्नोई के अदालत में दायर किया।

अधिवक्ता राजीव भारद्वाज बगरु ने बताया कि वाद में डायरेक्टर सुभाष कपूर, फ़िल्म अभिनेता अक्षय कुमार, अरशद वारसी, रेलवे डीआरएम राजीव धनखड़, जिला कलेक्टर सहित थानाधिकारी सिविल लाइंस अजमेर के विरुद्ध वाद पेश किया गया। वाद की सुनवाई पश्चात न्यायालय द्वारा सभी प्रतिवादियों को नोटिस जारी किये, जिसमें सुभाष कपूर , अक्षय कुमार, अरशद वारसी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता माधव मित्र शर्मा, डीआरएम की ओर से बसंत विजयवर्गीय, कलेक्टर व थानाधिकारी की तरफ से लोक अभियोजक विवेक पाराशर ने उपस्थिति दी थी। जिला बार एसोसिएशन के वकीलों का आरोप है कि फिल्म में दर्शाए जा रहे अभिनय से अधिवक्ताओं और जज व न्यायालय का मजाक बनाया जा रहा है। इससे न्यायालय व वकीलों की प्रतिष्ठा व छवि धूमिल हो रही है।

# पत्तल-दोना फैक्ट्री में भीषण आग लगी

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे की जोबनेर रोड स्थित रीको एरिया में संचालित एक पत्तल-दोना फैक्ट्री में सोमवार को दोपहर करीब दो बजे अचानक आग लग जाने से फैक्ट्री में रखा लाखों रुपए का माल जलकर खाक हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फैक्ट्री में आग दोपहर करीब दो बजे लगी। इस दौरान फायर बिठोड की पांच गाड़ियों और पानी के टैंकरों के द्वारा आग बुझाने की कोशिश की गई लेकिन आग इतनी भयंकर थी कि उस पर काबू पाना मुश्किल हो गया। आखिर भारी मशक्कत के बाद करीब 3 घंटे के अन्तराल के बाद आग पर काबू पाया। सूचना पर फुलेरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। हालांकि इस भीषण आग में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन लाखों रूपये का सामन जलकर खाक हो गया।



फैक्ट्री में आग लगने से लाखों का माल जल गया।

# विकलांग परिवार को जान से मारने की धमकी के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

## पाटन के वार्ड नंबर 10 निवासी ने थाने में 22 मई को रिपोर्ट पेश की थी

**पाटन, (निसं)।** कस्बे के वार्ड नंबर 10 निवासी रामप्रकाश शर्मा पुत्र स्व. दुर्गादत्त वैद्य ने पाटन थाने में 22 मई को रिपोर्ट पेश कर अवगत करवाया कि चितरंजन शर्मा पुत्र स्वर्गीय लक्ष्मीकांत शर्मा, सुशीला देवी पत्नी चितरंजन शर्मा, राजकुमारी शर्मा उनके बहनोई मनोज कुमार शर्मा, ड्राइवर सौरभ व तीन-चार अज्ञात व्यक्तियों द्वारा घर पर आकर गाली-गलौच करने व मुझे और मेरे परिवारजनों को जान से मारने की धमकी दी गई, जिसकी रिपोर्ट मेरे द्वारा पाटन थाने में दी गई है।

पूर्व में भी दो मई को इनके द्वारा मुझे एवं मेरे परिवारजनों को प्रताड़ित किया गया था। तब भी मेरे द्वारा रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी, परंतु अभी तक कोई

- पुलिस का कहना है कि अगर मारपीट, जान से मारने जैसी धमकी अगर दी गई है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी

कानूनी कार्रवाई नहीं हुई है। ऐसे में कोई भी अप्रिय घटना घट सकती है। रामप्रकाश शर्मा ने यह भी बताया कि मैं और मेरी पत्नी दोनों दिव्यांग है, मेरी पत्नी ब्लड प्रेशर एवं शुगर पेशेंट है। इस घटना के बाद से वह डिप्रेशन में आ गई है।

मामले के अनुसार रामप्रकाश शर्मा के पिता स्व. दुर्गादत्त वैद्य मूलतः हरियाणा के रहने वाले थे तथा स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा के रिश्ते में बड़े भाई लगते थे। लगभग 85 साल पहले लक्ष्मीकांत शर्मा एवं इनका परिवार ही दुर्गादत्त वैद्य को पाटन लेकर आए थे तथा इनको अपनी हवेली में ही रखते थे। उसके बाद लक्ष्मीकांत शर्मा एवं इनका परिवार मुंबई चला गया और वहीं पर रहने लगे। दुर्गादत्त उसे जमाने के नामी वैध थे तथा हवेली की पूरी जिम्मेदारी इन्हीं के पास थी। इसी हवेली में इनके चार पुत्र पैदा हुए जिनकी शिक्षा, दीक्षा भी यहीं से हुई और विवाह शादी भी इसी हवेली से हुई। दुर्गादत्त वैद्य के चले जाने के बाद से इस हवेली की संपूर्ण जिम्मेदारी राम प्रकाश शर्मा एवं सूर्य प्रकाश शर्मा के पास रही है। कुछ महीने पहले चितरंजन शर्मा का व्यवहार इन लोगों के प्रति एकदम से बदल गया तथा विकलांग परिवार को इस हवेली से बेदखल करने लगा। चितरंजन शर्मा ने भी रामप्रकाश शर्मा के खिलाफ पाटन थाने में मकान खाली नहीं करने की रिपोर्ट दी है। जबकि पूर्व में हवेली में बिजली का मीटर दुर्गादत्त बैध के नाम से लगा हुआ है व 85 वर्ष से इस हवेली में रहते हुए आ रहे हैं। उसके बावजूद भी चितरंजन शर्मा का व्यवहार दिव्यांग जनों के प्रति शोभनीय नहीं है।

नेकी राम चौधरी, थानाधिकारी पाटन का कहना है कि दोनों पक्षों द्वारा रिपोर्ट दी गई थी तथा दोनों पक्षों को पाबंद किया जा चुका है। उसके बावजूद अगर मारपीट, जान से मारने जैसे धमकी अगर दी गई है तो नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# पेयजलापूर्ति को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के दौरे व दावे फेल

## संर्वधन शहरी जलप्रदाय योजना के तहत बनी है टंकी

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के नागाजी की गौर में निर्वतमान गहलोत सरकार के कार्यकाल में संवर्धन शहरी जलप्रदाय योजना के तहत 494.39 लाख रूपयों की लागत से बनी 5.50 लाख लीटर क्षमता की पानी की टंकी का निर्माण भले ही सरकार ने हजारों लोगों की हलक की प्यास बुझाने के उद्देश्य से किया हो लेकिन आज यह पानी की टंकी जलदाय विभाग के अधिकारियों की लापरवाही की ना केवल भेंट चढ़ी हुई है बल्कि हजारों लोगों की प्यास बुझाने में असमर्थ दिखाई दे रही है।

इस टंकी से लगते महज समाज विशेष के एक मौहल्ले को छोड़कर यदि पानी सप्लाई की बात की जाए तो पानी की लाईने प्रेशर के अभाव में दम तोड़ रही है। नतीजन हजारों लोगों के घरों तक पानी की सप्लाई नहीं पहुंचने से हाहाकार मचा हुआ है। जिसको लेकर जिला कलेक्टर से लेकर एडीएम व एसडीएम तक चिन्तित हैं जो ना केवल पेयजल आपूर्ति बाधित क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं अपितु जलदाय विभाग के अधिकारियों को पेयजल सप्लाई सुचारू रखने के निर्देश भी दे रहे है लेकिन जलदाय विभाग के अधिकारियों पर इसका कोई खासा असर देखने को नहीं मिल रहा है। जलदाय विभाग के ठेकेदार से लेकर अधिकारी लगातार लापरवाही की हदें पार करते देखे जा सकते हैं।

गौरतलब है कि नागाजी की गौर में बनी इस पानी की टंकी से हरिजन बस्ती, खटिकों का मौहल्ला, पंचायत समिति रोड, गोविन्द विहार कॉलोनी, आधा बुचाहेड़ा मौहल्ला, बडबेरियों की ढाणी, सैनी धर्मशाला



कोटपूतली में पेयजल आपूर्ती के लिए बनाई गई पानी की टंकी।

रोड, बालावाला कुंआ, कुम्हारों का मौहल्ला, खातियों की खतवाड व छोटा बाजार सहित अन्य कॉलोनियों को जोड़ा गया था। टंकी के लोकार्पण

- नागाजी की गौर में बनी पानी की टंकी ओवरफ्लो के बाद भी हजारों लोग परेशान
- समाज विशेष द्वारा वाल नहीं लगाने देने से आपूर्ति हो रही बाधित

के बाद इन ईलाकों में जलदाय विभाग द्वारा लगातार पेयजल आपूर्ती की जा रही थी। लेकिन जैसे ही भीषण गर्मी का प्रकोप बढ़ा और पानी की बढ़ती मांग व प्रेशर नहीं होने से लाईनें दम तोड़ने लगी। यह बताया जा रहा है कि अभाव ग्रस्त ईलाकों में पेयजल सप्लाई सुचारू रखने के लिए अधिकारियों ने एक वॉल लगाने की जहमत उठाई लेकिन जैसे ही जलदाय विभाग के कार्मिक नागाजी की गौर स्थित पानी की टंकी के पास वाल लगाने पहुंचे तो वहां लोगों ने उन्हें घेर लिया। जिसके बाद अधिकारी व कर्मचारी दुबके पांव वापस लौट गए।

कुछ अधिकारी कर्मचारियों का दबी जुबान से यह भी कहना है कि इस क्षेत्र में बिना पुलिस व प्रशासन के सहयोग से वाल लगाना संभव नहीं है। हालांकि इस मामले में कहीं ना कहीं जलदाय विभाग के अधिकारियों की लापरवाही रही है यदि समय से उच्च अधिकारियों को उक्त समस्या से अवगत करवा दिया होता तो शायद लोगों तक पानी पहुंचने में समस्याएं नहीं आती।